# एनएसयू का तीसरा दीक्षांत समारोह आज

**जमशेदपुर** | नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को पोखारी स्थित विश्वविद्यालय परिसर में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और डॉ शुक्ला मोहंती मौजूद रहेंगी। इसके अलावा कुलाधिपति मदन मोहन सिंह, कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणि, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र और उनके अभिभावक शामिल होंगे।